# एक ही खरीदी केंद्र से बढ़ी नाराजगी

**खास बातें**
- कुरवाई में किसानों का फूटा गुस्सा
- मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई 31 मार्च. क्षेत्र के किसानों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं को लेकर हुंकार भर दी है. मंगलवार को तहसील क्षेत्र के किसानों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को सौंपा है. किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो क्षेत्र में विवाद और असंतोष की स्थिति पैदा हो सकती है.**

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि कुरवाई तहसील एक बड़ा कृषि क्षेत्र है. पिछले वर्ष यहां चना और मसूर के लिए 10 खरीदी केंद्र और गेहूं के लिए 16 केंद्र बनाए गए थे, लेकिन इस वर्ष प्रशासन ने चना-मसूर के लिए केवल एक ही केंद्र निर्धारित किया है. हजारों किसानों के लिए महज एक केंद्र होना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि इससे केंद्रों पर भारी अव्यवस्था और लंबी कतारों के साथ किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा.

किसानों का कहना है कि प्रशासन के इस फैसले से आम काश्तकारों में भारी रोष है. एक ही केंद्र होने से परिवहन की समस्या बढ़ेगी और किसानों का समय व पैसा दोनों बर्बाद होंगे. किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि उनके खून-पसीने की कमाई को सही तरीके से बेचने के लिए केंद्रों की संख्या पिछले वर्ष की भांति ही रखी जाए.

### 'चमक विहीन' गेहूं और तुलाई लिमिट पर भी उठी मांग

किसानों ने बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया. उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई बारिश के कारण गेहूं की प्राकृतिक चमक कम हो गई है. किसानों ने मांग की है कि शासन नियमों में ढील देकर इस 'चमक विहीन' फसल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए. साथ ही प्रति किसान 100 बोरा तुलाई की तय सीमा को बढ़ाया जाए, ताकि किसान अपनी पूरी उपज एक साथ बेच सकें.

### इनका कहना है

हम प्रशासन से केवल अपना हक मांग रहे हैं. एक केंद्र पर पूरी तहसील का अनाज तुलवाना असंभव है. सरकार को किसानों के हित में तुरंत केंद्रों की संख्या बढ़ानी चाहिए और बारिश से प्रभावित गेहूं की खरीदी सुनिश्चित करनी चाहिए.
-दीपसिंह दांगी,
क्षेत्रीय किसान प्रतिनिधि

## वार्ड 10 में सीसी, नाला निर्माण सहित पुलिया सुधार की मांग

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, वार्ड 10 में सीसी रोड, नाला निर्माण एवं पुलिया सुधार कार्य की मांग को लेकर रहवासी महेन्द्र सिंह गौड़ ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम एक आवेदन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि वार्ड 10 की जनसमस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वार्ड में आरोग्य हॉस्पिटल से पार्षद के मकान तक, पीर बाबा से सुरेश शर्मा के मकान तक, सुरेश शर्मा के मकान से प्रमोद साहू के मकान तक, और बसंत टेंट हाउस से नयापुरा माता मंदिर तक सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है.**

यहाँ सीसी रोड निर्माण की आवश्यकता है. उन्होंने सीसी रोड का निर्माण कराने की मांग की. वहीं पीर बाबा से पार्षद के मकान तक नाला निर्माण कार्य लंबित है. उन्होंने नाला निर्माण की मांग की. तथा नवनीत राम तबेला से नाथे खाँ के मकान तक नाला निर्माण हेतु कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं होने पर जांच कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि भवानी नगर पुलिया पर दुपहिया वाहनों के निकलने में समस्या हो रही है. उन्होंने वहाँ पर स्लोब बनवाने की मांग की. उन्होंने जनहित में इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की.

### हनुमान जन्मोत्सव पर लायरा में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई.** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. इस पावन अवसर पर ग्राम लायरा में एक विशाल और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार, शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर 03:00 बजे सिंह वाहिनी माता मंदिर से किया जाएगा. यहाँ सभी श्रद्धालु और राम भक्त एकत्रित होंगे, जिसके बाद शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए हनुमान मंदिर लायरा तक पहुँचेगी. शोभायात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त सोलहखेडा क्षेत्रवासी, लायरा द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं. पूरी शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम और भक्त शिरोमणि हनुमान जी के जयकारों से वातावरण धर्ममय रहेगा.



## कई महीनों से पड़े गड्ढे को जनता ने भरा

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** सिरोंज बस स्टैंड पर कई महीनों से पड़े गड्ढे को सोमवार को स्थानीय लोगों ने मिलकर भर दिया. नगरपालिका की लगातार अनदेखी से परेशान होकर आखिरकार आम जन ने खुद जिम्मेदारी उठाई. लोगों का आरोप है कि इसकी वजह से पहले कई लोग हादसों का शिकार हो चुके थे, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया. उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक आगे आकर बदलाव ला सकते हैं. यह गड्ढा कई महीनों से था. लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. इसके कारण कई लोग हादसे का शिकार हो चुके थे. जिसके बाद जनता ने खुद जिम्मा उठाया.

## नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर, 74 मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा.** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष केंद्र) मसूदपुर द्वारा शनिवार, 28 मार्च 2026 को ग्राम बिशनपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दर्शना रघुवंशी एवं डॉ. अरविंद कनौजिया ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं. शिविर में कुल 74 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया. इस दौरान विशेष रूप से वृद्धजनों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई, वहीं बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई. डॉक्टरों ने बताया कि गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतना जरूरी है. उन्होंने ग्रामीणों को लू से बचाव, पर्याप्त पानी पीने और संतुलित आहार लेने की सलाह दी. कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता श्रीमती अजब बाई दांगी का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

## सांदीपनि विद्यालय कुरवाई में आज मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई.** स्थानीय सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुरवाई में नए शैक्षणिक सत्र के स्वागत हेतु 'प्रवेश उत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है. विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज यानी 1 अप्रैल 2026 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. संस्था के प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में प्रवेश उत्सव आयोजित किया जा रहा है. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत करना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है. कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विद्यालयीन वातावरण से परिचित कराया जाएगा तथा उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक और उत्साहित किया जाएगा. विद्यालय परिवार ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है.

## सिरोंज में जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 19 अप्रैल को जनपद पंचायत सिरोंज में किया जाएगा. इस आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सिरोंज को आयोजनकर्ता नियुक्त किया गया है. इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ ले सकें. विवाह निकाह हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल निर्धारित की गई है. इसके पश्चात 14 अप्रैल तक सभी संबंधित निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों की पात्रता का परीक्षण किया जाएगा. पात्र पाए गए आवेदनों को स्वीकृत कर 16 अप्रैल तक जनपद पंचायत सिरोंज के लॉगिन के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा. इसके बाद 17 अप्रैल तक चयनित वर-वधू को विवाह सम्मेलन में शामिल होने की सूचना प्रदान की जाएगी. प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करें. ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का अधिकतम लाभ मिल सके.

## मंदिर परिसर में अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीण एकजुट, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, ग्राम पचपीपरा में मंदिर परिसर के पास हो रहे अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और जल्द कार्रवाई की मांग की.**

ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर की दीवार से सटकर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे मंदिर परिसर की सुरक्षा और स्वच्छता दोनों पर खतरा मंडरा रहा है. उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि मंदिर परिसर को अतिक्रमण से मुक्त रखना उनकी जिम्मेदारी है और इसके लिए वे हर संभव प्रयास करने को तैयार हैं. उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का आग्रह किया है. तहसीलदार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की जाएगी. साथ ही उन्होंने लोगों से शांति और सहयोग बनाए रखने की अपील की, ताकि प्रशासन प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सके.





## राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर से लौटे छात्र विकास मीणा का रेलवे स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. चित्रकूट में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर से लौटे होनहार स्वयंसेवकों का स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया. इस अवसर पर सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र विकास मीणा का प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, खेल प्रशिक्षक गजेंद्र सिंह दांगी एवं अभिभावकों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया.**

स्वयंसेवक विकास मीणा ने शिविर के अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उनके जीवन के लिए एक यादगार अवसर रहा, जिसने उन्हें नई सीख और उज्ज्वल भविष्य की दिशा दी. प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने बताया कि सात दिवसीय राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर चित्रकूट में आयोजित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय भावना को जागृत करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां कराई गईं. उन्होंने कहा कि शिविर से लौटे स्वयंसेवक अब अपनी-अपनी संस्थाओं में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित करेंगे. कार्यक्रम के दौरान शहर में इन स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

## मंडल स्तरीय भाजपा प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न

**कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह**



**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर. गंजबासौदा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंडल ग्यारसपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का सफलतापूर्वक समापन हुआ. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही और पूरे आयोजन में उत्साह एवं ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला.**

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई. इसके बाद विभिन्न वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला. जिला महामंत्री बलबीर सिंह रघुवंशी ने पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन के इतिहास से अवगत कराया. वहीं अरविंद श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्मवाद, समरसता एवं समता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी. जितेंद्र मीणा ने भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया. डॉ. राहुल जैन ने आधुनिक दौर में सोशल मीडिया और एआई टेक्नोलॉजी की भूमिका पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया. साथ ही 'नमो ऐप' एवं संगठन ऐप के उपयोग की भी विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे योजनाओं को आमजन तक तेजी से पहुंचाया जा सके. कार्यक्रम के समापन सत्र में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही हैं. उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्र में कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करें. इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## अभिभाषक संघ के चुनाव में एडवोकेट अब्दुल सलीम खान निर्वाचन अधिकारी नियुक्त



**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई 31 मार्च, कुरवाई अभिभाषक संघ की बैठक में सर्वसम्मति से एडवोकेट अब्दुल सलीम खान को वर्ष 2026 के संघ के चुनाव कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है.**

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, अप्रैल 2026 के द्वितीय सप्ताह में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. निर्वाचन अधिकारी सुविधानुसार चुनाव की पूरी प्रक्रिया शुरू करेंगे और मतदान की तिथि से पहले सभी मतदाता सदस्यों को सूचित कर देंगे. मतदान के बाद विधि अनुसार मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे तथा विजयी उम्मीदवारों को जीत प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे. यह निर्णय संघ की बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से लिया गया, जिससे चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके. स्थानीय अधिवक्ता वर्ग में इस नियुक्ति का स्वागत किया जा रहा है, क्योंकि एडवोकेट अब्दुल सलीम खान अनुभवी वकील हैं और न्यायिक प्रक्रियाओं से भली-भांति परिचित हैं. अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में चुनाव शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न होगा, जिससे संघ की कार्यकारिणी मजबूत और एकजुट बनी रहेगी.

**चौपाल**

**जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 8 लाख से घाट निर्माण, 2 लाख से होगा गहरीकरण**

# गोपीतलाई पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा, जन चौपाल में सुनीं समस्याएं

**नवभारत न्यूज**
**लटेरी. मंगलवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर स्तरीय कार्यक्रम वार्ड क्रमांक-14 संगड़ एवं सिंध नदी के उद्गम स्थल स्थित गोपी तलाई के पास संपन्न हुआ. कार्यक्रम से पूर्व विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा गोपी तलाई का औचक निरीक्षण किया गया.**



कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई. इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और अनेक लोगों ने विधायक को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे. विधायक ने इन आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया. जन चौपाल के दौरान प्राप्त आवेदनों का वाचन रामगुलाम जी द्वारा किया गया, वहीं कार्यक्रम का आभार वार्ड क्रमांक-14 के पार्षद पति नितिन धाकड़ ने व्यक्त किया. इस अवसर पर विधायक ने गोपी तलाई के विकास हेतु 8 लाख रुपये घाट निर्माण तथा 2 लाख रुपये तालाब के गहरीकरण के लिए प्रदान करने की घोषणा की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं. उन्होंने बताया कि गोपी तलाई के विकास के लिए पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा भी विशेष प्रयास किए गए थे और वर्तमान में भी इसके संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं. विधायक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 5 दिनों के भीतर गोपी तलाई की निष्पक्ष नपती सुनिश्चित की जाए. उन्होंने इसे क्षेत्र की पहचान बताते हुए इसके संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए जनसहयोग की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने सिरोंज को जिला बनाने एवं रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया. साथ ही संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विकासखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे.

### अखंड कीर्तन में भी शामिल हुए विधायक

कार्यक्रम के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा पास स्थित मंदिर में चल रहे अखंड कीर्तन में भी सम्मिलित हुए. उन्होंने वहां बैठकर कीर्तन का आनंद लिया तथा स्वयं भी भक्ति में लीन होकर कीर्तन गाते और झूमते नजर आए. इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रंधीर सिंह बघेल, भारत सिंह राजपूत, गोपाल धाकड़, राजकुमार बघेल, नपा अध्यक्ष शैलेश भंडारी, पार्षद रचना धाकड़, विधायक प्रतिनिधि अत्तू भंडारी, राजकंवर बघेल, महेंद्र सिंह राजपूत, गिरजा प्रसाद शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी नितिन जैन, तहसीलदार, जगन प्रसाद, सीएमओ सपना रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

## दिन में राम तो रात में हनुमान का गुणगान, भक्ति में डूबेगा गंजबासौदा

**रामायण पाठ, ध्वज यात्रा और भजन संध्या से सजेगा चक हनुमान जी का प्रकटोत्सव**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हनुमान जी का प्रकटोत्सव 2 अप्रैल को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा. नगर के वार्ड नंबर 13 चक स्वरूप नगर स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में दो दिवसीय आयोजन होंगे, जिसमें सुठालिया एवं स्थानीय भजन गायक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर करेंगे.**

आयोजन की शुरुआत 1 अप्रैल, बुधवार को प्रात: 8 बजे से संगीतमय 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ से होगी. पुजारी पं. मनोज शर्मा के अनुसार, जहां राम कथा और रामायण होती है, वहां हनुमान जी स्वयं विराजमान होते हैं. रामायण पाठ की पूर्णाहुति हवन के माध्यम से 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे की जाएगी. 2 अप्रैल, गुरुवार को शाम 4 बजे भव्य ध्वज शोभायात्रा नौलखी मंदिर से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक और नेहरू चौक होते हुए चक हनुमान मंदिर पहुंचेगी. शोभायात्रा में गाजे-बाजे, डीजे और बैंड के साथ श्रद्धालु जय श्री राम और हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ेंगे. मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी यात्रा का विशेष आकर्षण रहेगी.

इसी दिन रात्रि 8 बजे से गंगा गार्डन परिसर स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में संगीतमय भजन संध्या का आयोजन होगा. इसमें रफ्तार म्यूजिकल ग्रुप, भोपाल के कलाकारों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी. भजन गायिका रिया मालवीय (सुठालिया), मिली कुशवाह (बासौदा) एवं भजन गायक अनिल झा (बासौदा) अपनी सुमधुर आवाज से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे. पूरे मंदिर परिसर और आसपास की गलियों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है, जो रात्रि में अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगा. कार्यक्रम का समापन हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा. आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं और सनातन प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं और धर्म लाभ अर्जित करें.